

# आशी ने पहली बार की घर पर बाल गणेश की स्थापना

अभिनेत्री आशी सिंह ने पहली बार घर पर बाल गणेश की स्थापना की और परिवार के साथ त्योहार मनाया.

सोनी सब के शो 'उफ्फ ये लव है मुश्किल' में कैरी का किरदार निभाकर दर्शकों का दिल जीत रहीं आशी सिंह, अपने ऑफ-स्क्रीन अपनापन और गर्मजोशी के लिए भी जानी जाती हैं. इस गणेश चतुर्थी पर आशी ने अपने वास्तविक जीवन के उत्सव की झलक साझा की, जब उन्होंने परिवार संग बप्पा का घर पर स्वागत किया.

इस पारिवारिक परंपरा के बारे में बात करते हुए आशी सिंह ने बताया कि गणेश चतुर्थी उनके घर का सबसे प्रतीक्षित त्योहार है. इस साल का पर्व इसलिए और खास रहा क्योंकि उन्होंने पहली बार घर में बाल गणेश की स्थापना की. आशी और उनके भाई-बहनों ने जिम्मेदारियां आपस में बांट लीं.किसी ने सजावट संभाली, तो किसी ने मोदक बनाए. आशी ने आरती की प्लेलिस्ट का जिम्मा लिया और बप्पा की स्थापना स्थल को सजाकर वातावरण को खास और उत्सवी बना दिया. इसके साथ ही उन्होंने पहले दिन अपनी मां के साथ मिलकर भोजन भी बनाया, जिससे यह उत्सव एक सच्चा पारिवारिक अवसर बन गया. इस खुशी में उनके कार्यस्थल के मित्र भी शामिल हुए.

आशी सिंह ने कहा, मेरे लिए गणेश चतुर्थी हमेशा से परिवार, एकजुटता और उस सकारात्मक ऊर्जा का प्रतीक रहा है जो बप्पा अपने साथ लाते हैं. इस बार का पर्व और भी खास है क्योंकि पहली बार बाल गणेश ने हमारे घर में विराजमान होकर आशीर्वाद दिया. मैं आभारी हूं कि मुझे 'उफ्फ ये लव है मुश्किल' की शूटिंग से थोड़ा समय मिला और मैं अपनी मां के साथ खाना बना सकी, घर सजाया और परिवार व दोस्तों संग यह पर्व मना सकी. यही मिलनसारिता इस उत्सव को पूर्ण बनाती है. सभी को गणेश चतुर्थी की शुभकामनाएं.

# सुमोना चक्रवर्ती के साथ रोड में हुई बदसलूकी



**देश** भर में वैसे तो कई सारे आंदोलन होते हैं, लेकिन इन आंदोलन का असर अब सेलिब्रिटीज पर भी पड़ने लगा है. हाल ही में टीवी एक्ट्रेस सुमोना चक्रवर्ती ने इंस्टाग्राम पर लंबा चौड़ा पोस्ट शेयर कर बताया कि 31 अगस्त को उनके साथ एक घटना हुई, जिसमें साउथ मुंबई में मराठा आरक्षण को लेकर आंदोलन कर रहे कुछ लोगों ने उनकी कार पर हमला कर दिया. जिससे वह खुद को असुरक्षित महसूस कर रही हैं.

टीवी एक्ट्रेस समोना चक्रवर्ती ने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट शेयर किया, जिसमें उन्होंने बताया कि 31 अगस्त को दोपहर 12:30 बजे वो कोलाबा से फोर्ट जा रही थी, अचानक उनकी कार को एक भीड़ ने रोक लिया. ऑरेंज कलर का स्टॉल पहने एक आदमी उनकी कार के बोनट पर जोर-जोर से मार रहा था और मुस्कुरा रहा था. सुमोना ने अपने पोस्ट में लिखा कि वो अपने पेट को मेरी कार से टकरा रहा था, मेरे सामने झूमने लगा. उसके साथी भी मेरे कार के शीशे के पास आकर जय महाराष्ट्र चिल्ला रहे थे और हंस रहे थे. लगभग 5 मिनट तक उनकी कार को घेरा गया और वहां खड़े लोग हंसते रहे.



# गणपति दर्शन के लिए पहुंचीं ऐश्वर्या राय

बॉलीवुड के कई कलाकार इन दिनों गणेश चतुर्थी के जश्न में डूबे हुए हैं. हाल ही में ऐश्वर्या राय अपनी बेटी आराध्या बच्चन के साथ मुंबई में जीएसबी गणपति समारोह में शामिल हुईं. दोनों की कई तस्वीरें और वीडियो इंटरनेट पर वायरल हो रहे हैं.

ऐश्वर्या इन दिनों अक्सर अपनी बेटी के साथ नजर आती हैं, चाहे कोई खुशी का मौका हो या फिर कोई कार्यक्रम.एक वायरल वीडियो में देखा जा सकता है कि ऐश्वर्या अपनी बेटी आराध्या के साथ गणेशोत्सव पंडाल में भगवान गणेश का आशीर्वाद लेने पहुंची. मां-बेटी की इस जोड़ी ने मुस्कुराते हुए फैंस का अभिवादन किया और पंडाल में प्रवेश करने से पहले कुछ सेल्फी लेने के लिए रुकीं. उन्हें देख कर उनके फैंस काफी खुश हुए.ऐश्वर्या राय सफेद ड्रेस में बेहद खूबसूरत लग रही थीं, जिसके साथ उन्होंने लाल लिपस्टिक और छोटी सी बिंदी लगाई थी. आराध्या पीले कुर्ते में बेहद खूबसूरत लग रही थीं. आराध्या ने बहुत ही शालीनता के साथ पंडाल में अपनी मौजूदगी दर्ज कराई. दोनों ने पंडाल में हाथ जोड़कर तस्वीरें भी खिंचवाईं. हालांकि दोनों के साथ अभिषेक बच्चन समारोह में शामिल नहीं हुए.

खबरों के मुताबिक ऐश्वर्या नियमित रूप से भगवान गणेश का आशीर्वाद लेने के लिए जीएसबी गणपति समारोह में शामिल होती हैं.अभिषेक बच्चन और ऐश्वर्या ने 2007 में एक भव्य शादी समारोह में शादी की.

# बीट्स और बीच के संगम पर चलेगा हरनाज का जादू



मोस्ट अवेटेड फिल्म 'बागी-4' का नया गाना 'ये मेरा हुस्न' मंगलवार को रिलीज होने के लिए तैयार है. अभिनेत्री हरनाज संधू ने इसकी जानकारी सोमवार को सोशल मीडिया के माध्यम से दी. यह गाना दर्शकों के बीच उत्साह बढ़ाने के लिए पूरी तरह तैयार है.हरनाज ने इंस्टाग्राम अकाउंट पर गाने की रिकॉर्डिंग का एक बीटीएस (बिहाइंड द सीन) वीडियो शेयर किया, जिसमें मशहूर संगीतकार तनिष्क बागची और प्रतिभाशाली गायिका शिल्पा राव नजर आ रहे हैं.वीडियो में गाने की रिकॉर्डिंग की झलक दिखाई गई है. हरनाज ने वीडियो के साथ कैप्शन लिखा, जब बीट्स और बीच का संगम होता है, तो जादू बनता है. हमारा नया गाना 'ये मेरा हुस्न' मंगलवार सुबह 11:11 बजे रिलीज हो रहा है. साजिद नाडियाडवाला की 'बागी-4' सिनेमाघरों में 5 सितंबर को दस्तक देगी.'बागी 4' एक्शन और रोमांच से भरपूर 'बागी' की फ्रेंचाइजी है, जिसके निर्माता साजिद नाडियाडवाला हैं. फिल्म को लेकर दर्शकों में जबरदस्त उत्साह देखा जा रहा है. 'ये मेरा हुस्न' की मधुर धुन और आकर्षक बीट्स दर्शकों को थिरकने पर मजबूर कर सकती हैं.



# मेना मसूद ने की एमिली से शादी

हॉलीवुड की बेहतरीन फिल्म अलादीन के अभिनेता मेना मसूद ने जंगल क्राई की अभिनेत्री एमिली शाह से शादी कर ली है. दोनों ने इसी साल जुलाई में इटली के टस्कनी में एक देसी समारोह में शादी रचाई. जोड़े ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर अपनी शादी के जश्न का एक वीडियो पोस्ट करके इसका एलान किया. दोनों ने साल 2023 में सगाई की थी. इससे पहले दोनों ने एक दूसरे को चार साल तक डेट किया.

मेना का परिवार मिस्र से कनाडा आ गया था. उस वक्त मेना तीन साल के थे. एमिली के पिता गुजराती हैं, जबकि उनकी मां अमेरिकी हैं. दोनों ने अपनी परंपराओं का सम्मान करते हुए इटली में एक बहु-सांस्कृतिक विवाह समारोह आयोजित किया. यहां उन्होंने पहले हिंदू रीति-रिवाज से और फिर ईसाई रीति-रिवाज से शादी की.मेना मसूद ने इंस्टाग्राम पर एमिली शाह के साथ एक पोस्ट में अपनी शादी की एक झलक दिखाई. उन्होने पोस्ट में लिखा हमारे सपनों की शादी. वीडियो में देखा जा सकता है कि एमिली ने हिंदू रीति-रिवाज से शादी के लिए लाल साड़ी पहनी और मेना ने क्रीम कलर की शेरवानी पहनी. 27 जुलाई को एमिली शाह ने इंस्टाग्राम पर अपनी सगाई की तस्वीरें पोस्ट की थीं. इसमें उन्होंने क्रीम कलर के कपड़े पहने थे.

# सेवादार की हत्या पर स्वरा ने जताई नाराजगी



बॉलीवुड अभिनेत्री स्वरा भास्कर अक्सर हर मुद्दे पर अपनी खुलकर राय रखने के लिए जानी जाती हैं. अब उन्होंने एक बार फिर दिल्ली के कालकाजी मंदिर में 35 वर्षीय सेवादार की चौंकाने वाली हत्या पर कड़ी प्रतिक्रिया दी है. अभिनेत्री ने अपने आधिकारिक एक्स अकाउंट पर हिंसा पर अपना गुस्सा जाहिर किया.

स्वरा भास्कर ने इस मामले से जुड़े एक सीसीटीवी कैमरे की फुटेज को अपने एक्स अकाउंट पर री-शेयर करते हुए, उस पर प्रतिक्रिया दी है. स्वरा ने जो वीडियो फुटेज शेयर किया है, उसमें कुछ लोग सेवादार की पिटाई करते दिखाई दे रहे हैं.

अभिनेत्री ने इस वीडियो को शेयर करते हुए लिखा, यह बेहद भयावह और खतरनाक है. भारत में लोगों की पीट-पीटकर हत्या करना आम बात हो गई है. बेहद दर्दनाक और दिल दहला देने वाली घटना. यह शर्मनाक है और हमारे समाज के बारे में वाकई परेशान करने वाली बात है. हम पूरी तरह से निर्दयी और राक्षसों की तरह बन गए हैं.यह घटना बीते शुक्रवार को देर रात हुई, जब प्रसाद वितरण को लेकर हुए विवाद ने हिंसा का रूप ले लिया. पीड़ित योगेंद्र सिंह, जिन्होंने मंदिर में लगभग 15 वर्षों तक सेवा की थी, उन पर कथित तौर पर एक समूह द्वारा चुन्नी प्रसाद की मांग को अस्वीकार करने पर हमला किया गया.

# प्रिया मराठे का 38 साल की उम्र में निधन

**टीवी** इंडस्ट्री से हाल ही में ऐसी खबर सामने आई जिसने हर किसी को झकझोर कर रख दिया. लोकप्रिय सीरियल 'पवित्र रिश्ता' फेम एक्ट्रेस प्रिया मराठे के निधन ने पूरी इंडस्ट्री को गमगीन कर दिया है. उनके अचानक चले जाने से न केवल उनके परिवार और दोस्तों को बल्कि उनके चाहने वालों को भी गहरा सदमा पहुंचा है.

दरअसल, प्रिया मराठे के निधन पर टीवी जगत की कई बड़ी हस्तियों ने शोक व्यक्त किया है. उषा नाडकरणी से लेकर स्वाति आनंद तक ने उन्हें श्रद्धांजलि दी. अब उनकी को-स्टार और करीबी दोस्त अंकिता लोखंडे ने सोशल मीडिया पर पोस्ट शेयर करते हुए अपने दिल का दर्द बयां किया.अंकिता ने अपने पोस्ट में लिखा कि प्रिया उनके लिए सिर्फ एक को-स्टार नहीं बल्कि उनकी पहली दोस्त थीं. उन्होंने बताया कि 'पवित्र रिश्ता' के सेट पर उनकी



छोटी सी गैंग थी अंकिता, प्रिया और प्रार्थना. तीनों एक-दूसरे को प्यार से मराठी में 'वेडी' बुलाया करते थे.

## ऑटोमोबाइल

# टीवीएस ने लॉन्च किया नया इलेक्ट्रिक स्कूटर ऑर्बिटर

## 158 किमी की शानदार रेंज देने में सक्षम

भारतीय इलेक्ट्रिक वाहन बाजार में बढ़ती मांग के बीच टीवीएस ने अपने नए इलेक्ट्रिक स्कूटर ऑर्बिटर को भारत में लॉन्च कर दिया है. यह स्कूटर कंपनी के आईक्यूब और एक्स के बाद तीसरा इलेक्ट्रिक मॉडल है, जिसे खासकर एंट्री-लेवल ग्राहकों को ध्यान में रखकर उतारा गया है. टीवीएस ऑर्बिटर की शुरुआती एक्स-शोरूम कीमत 99,900 रुपये है. इसे कंपनी की वेबसाइट पर 5,001 रुपये की रिफंडेबल राशि के साथ बुक किया जा सकता है, जिसकी डिलीवरी दिवाली 2025 के बाद शुरू होगी.

**बैटरी और रेंज-** ऑर्बिटर को 3.1 kWh बैटरी पैक के साथ पेश किया गया है, जो एक बार चार्ज करने पर 158 किलोमीटर तक की रेंज देने में सक्षम है. यह रेंज इसे टीवीएस के अन्य इलेक्ट्रिक स्कूटरों से बेहतर बनाती है.

**डिजाइन और फीचर्स-** टीवीएस ने ऑर्बिटर को भारत का सबसे एयरोडायनामिक ई-स्कूटर बताया है. यह एक आधुनिक और मिनिमलिस्ट डिजाइन के साथ आता है, जिसमें एलईडी हेडलैम्प, फ्रंट विंडस्क्रीन और 14-इंच के अलॉय व्हील्स शामिल हैं. स्कूटर में 290mm का फुटबोर्ड दिया गया है, जिससे राइडर को ज्यादा लेगरूम मिलता है. इसमें 34 लीटर का अंडर-सीट स्टोरेज भी मौजूद है. इसके अतिरिक्त, इसमें दो राइड मोड, रीजेनरेटिव ब्रेकिंग, क्रूज कंट्रोल, हिल-होल्ड असिस्ट और यूएसबी चार्जिंग स्लॉट जैसी उन्नत सुविधाएं भी हैं.

# भारतीय बाजार में आ रही हैं तीन दमदार विद्युत चालित एसयूवी

## 500 किलोमीटर तक की दूरी का दावा

भारत में विद्युत चालित वाहनों, खासकर एसयूवी वर्ग में, मांग लगातार बढ़ रही है. इसी बढ़ती मांग को देखते हुए कई वाहन निर्माता कंपनियां नई विद्युत चालित एसयूवी उतारने की तैयारी में हैं. आने वाले महीनों में तीन दमदार विद्युत चालित एसयूवी भारतीय बाजार में कदम रखने वाली हैं, जिनमें मारुति सुजुकी ई-विटारा, महिंद्रा एक्सयूवी 3एक्सओ और टाटा पंच का नवीनीकृत रूप शामिल है. इन गाड़ियों से 400 से 500 किलोमीटर तक की दूरी मिलने की संभावना है.

**मारुति सुजुकी ई-विटारा-** देश की सबसे बड़ी वाहन निर्माता कंपनी मारुति सुजुकी 3 सितंबर को अपनी पहली विद्युत चालित एसयूवी ई-विटारा पेश करने के लिए तैयार है. यह गाड़ी 61.1 किलोवाट घंटा और 48.8 किलोवाट घंटा की दो बैटरी क्षमता में उपलब्ध होगी, जो पूर्ण रूप से चार्ज होने पर 500 किलोमीटर से अधिक की दूरी तय करने में सक्षम हो सकती है. इसमें तीव्र चार्जिंग की सुविधा, उन्नत सुरक्षा तकनीक और एक आधुनिक सूचना-मनोरंजन तंत्र जैसे विशेषताएँ भी होंगी. यह गाड़ी सीधे तौर पर टाटा नेक्सन और हुंडई कोना जैसी गाड़ियों को चुनौती देगी.

**महिंद्रा एक्सयूवी 3एक्सओ विद्युत संस्करण-** महिंद्रा अपनी लोकप्रिय गाड़ी एक्सयूवी 3एक्सओ का विद्युत संस्करण उतारने की तैयारी कर रही है. यह गाड़ी एक बार चार्ज होने पर 400 किलोमीटर से अधिक की दूरी तय कर सकती है. इसमें महिंद्रा की नई तकनीक, आकर्षक बनावट और बेहतर सवारी सुविधा उपलब्ध होगी. इसका सीधा मुकाबला टाटा पंच और सिट्रोएन ईसी3 से होगा.टाटा मोटर्स अपनी सफल गाड़ी पंच का नवीनीकृत रूप पेश करने की तैयारी कर रही है, जो 2026 की शुरुआत में भारतीय सड़कों पर उतर सकती है. इस नए संस्करण में बदला हुआ बाहरी रूप, आधुनिक अंदरूनी सज्जा और उन्नत सुविधाएँ देखने को मिलेंगी. साथ ही, बैटरी और मोटर तकनीक में सुधार कर इसकी क्षमता और दूरी को और भी बेहतर किया जाएगा.






# हीरो मोटोकॉर्प ने लॉन्च की नई ग्लैमर एक्स 125

हीरो मोटोकॉर्प ने भारतीय बाजार में अपनी नई मोटरसाइकिल, हीरो ग्लैमर एक्स 125 (2025) लॉन्च कर दी है. कंपनी की लोकप्रिय ग्लैमर सीरीज़ का यह नया मॉडल अब और भी ज्यादा प्रीमियम और उन्नत सुविधाओं के साथ पेश किया गया है. सबसे खास बात यह है कि इस किफायती 125CC बाइक में क्रूज़ कंट्रोल जैसा प्रीमियम फीचर भी शामिल किया गया है.

नई ग्लैमर एक्स 125 की एक्स-शोरूम कीमत रु. 90,000 से शुरू होती है, जो इसके ड्रम ब्रेक वेरिएंट के लिए है. वहीं, डिस्क ब्रेक वेरिएंट की कीमत 1 लाख रुपए है. कंपनी का दावा है कि यह मोटरसाइकिल अपने सेगमेंट में सबसे वैल्यू-फॉर-मनी मॉडल साबित होगी. बाइक को पूरी तरह से नए और आकर्षक डिजाइन में तैयार किया गया है, जिसमें नया एलईडी हेडलैम्प, एक स्पोर्टी टैंक और चौड़ा हैंडलबार दिया गया है. इसके अलावा, सीट को अधिक आरामदायक बनाया गया है और अंडरसीट स्टोरेज भी बढ़ाया गया है, जिससे यह रोजमर्रा के इस्तेमाल के लिए और भी सुविधाजनक हो गई है.

फीचर्स की बात करें तो, ग्लैमर एक्स 125 में क्रूज़ कंट्रोल के साथ राइड-बाय-वायर थ्रॉटल तकनीक दी गई है, जो इस सेगमेंट में पहली बार है. इसमें इको, रोड और पावर जैसे तीन राइडिंग मोड्स भी उपलब्ध हैं. बाइक में ब्लूटूथ कनेक्टिविटी के साथ एडेप्टिव एलसीडी डिस्प्ले, टर्न-बाय-टर्न नेविगेशन, यूएसबी टाइप-सी चार्जिंग पोर्ट और फुल-एलईडी लाइटिंग जैसे आधुनिक फीचर्स शामिल हैं.

# टेस्ला मॉडल वाई परफॉर्मेंस का नया संस्करण लॉन्च

**टेस्ला** ने अपनी सबसे ज्यादा बिकने वाली इलेक्ट्रिक कार टेस्ला मॉडल वाई का नया और ज्यादा पावरफुल %परफॉर्मेंस% संस्करण वैश्विक बाजार में पेश कर दिया है. 2026 मॉडल वाई परफॉर्मेंस में नया डिजाइन, अपग्रेडेड इंटीरियर, बेहतर सस्पेंशन और 580 किलोमीटर (डब्ल्यूएलटीपी) की शानदार रेंज मिलती है. यह नया मॉडल परफॉर्मेंस और फीचर्स के मामले में स्टैंडर्ड वर्जन से काफी आगे है.

हालांकि टेस्ला ने पावर और बैटरी की सटीक जानकारी नहीं दी है, लेकिन यह इलेक्ट्रिक एसयूवी 0 से 100 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार सिर्फ 3.5 सेकेंड में पकड़ लेती है, जो इसे पुराने मॉडल से 0.2 सेकेंड तेज बनाती है. इसकी अधिकतम गति 250 किलोमीटर प्रति घंटा तक सीमित है. यूरोपियन वर्जन से लगभग 460 बीएचपी और नॉर्थ अमेरिका में 510 बीएचपी तक की पावर मिलने की उम्मीद है.



ड्राइविंग रेंज के मामले में, मॉडल वाई परफॉर्मेंस एक बार चार्ज करने पर 580 किलोमीटर की डब्ल्यूएलटीपी रेंज देता है. टेस्ला का दावा है कि फास्ट चार्जिंग से केवल 15 मिनट में 243 किलोमीटर की रेंज मिल सकती है. इस नए परफॉर्मेंस संस्करण में इलेक्ट्रॉनिक रूप से नियंत्रित एडैप्टिव डैम्पर्स दिए गए हैं, जो रोड कंडीशन के हिसाब से एडजस्ट हो जाते हैं. इसमें नए ड्राइव मोड्स भी शामिल हैं, जिससे गाड़ी की रोड ग्रिप और परफॉर्मेंस दोनों बेहतर होते हैं.

डिजाइन के मोर्चे पर, 2026 मॉडल वाई परफॉर्मेंस को और अधिक आक्रामक बनाया गया है. इसमें नए स्टाइल के फ्रंट इंटेक्स, कार्बन फाइबर डकटेल स्पॉइलर, स्पोर्टी रियर डिफ्यूजर और विशेष बैजिंग दी गई है. कार 21-इंच के अलॉय व्हील्स पर चलती है, जिनके पीछे लाल ब्रेक कैलिपर्स लगे हैं.

इंटीरियर में नए स्पोर्ट्स सीट्स, कार्बन फाइबर ट्रिम और 16-इंच का बड़ा इंफोटेनमेंट डिस्प्ले मिलता है. इसमें 15-स्पीकर ऑडियो सिस्टम के साथ सबवूफर भी लगाया गया है. इस मॉडल के लिए बुकिंग यूरोप, यूके, मिडिल ईस्ट और अफ्रीका में शुरू हो चुकी है.